20
20250
20250241

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार

द्वितीय तल अपनाघर (ललित भवन के पीछे) बेली रोड पटना-23 बिहार ✉ scps-bih@gov.in; ☎ 0612 2545033

संचिका सं0-02/रा0बा0सं0स0(स्थापना)-08/2025-457 पटना, दिनांक- 25.03.2026

## कार्यालय आदेश

मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत संविदा आधारित नियोजन हेतु चयनित/प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन www.socialwelfare.bih.nic.in पर किया गया था। चयनित सभी अभ्यर्थियों को दिनांक-16.01.2026 से दिनांक-30.01.2026 तक राज्य बाल संरक्षण समिति, द्वितीय तल, अपनाघर (ललित भवन के पीछे), बेली रोड, पटना-23, बिहार के कार्यालय में योगदान समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया था। योगदान नहीं करने वाले 15 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक-23.02.2026 से दिनांक-28.02.2026 तक योगदान समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया था, जिसके आलोक में एक अभ्यर्थी द्वारा योगदान समर्पित किया गया। शेष 14 अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि तक योगदान समर्पित नहीं करने के कारण उनकी अभ्यर्थिता को रद्द करते हुए कार्यालय आदेश 395, दिनांक 11.03.2026 से प्रतीक्षा सूची से चयनित 13 अभ्यर्थियों को दिनांक 20.03.2026 तक योगदान समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया था। निर्धारित तिथि तक 05 अभ्यर्थियों द्वारा योगदान समर्पित नहीं किया गया। अतः पुनः प्रतीक्षा सूची से चयनित 05 **(सूची संलग्न)** अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि **आदेश निर्गत की तिथि से दिनांक 01.04.2026 तक (कार्यालय कार्य दिवस में) अपना योगदान राज्य बाल संरक्षण समिति, द्वितीय तल, अपनाघर (ललित भवन के पीछे), बेली रोड, पटना-23, बिहार** के कार्यालय में देना सुनिश्चित करेंगे। योगदान के समय निम्नलिखित कागजातों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा अन्यथा योगदान स्वीकार्य नहीं होगा।

1. जन्म तिथि को प्रमाणित करने वाला प्रमाणपत्र (मैट्रिक का मूल प्रमाणपत्र)।
2. शैक्षणिक योग्यता संबंधी सभी मूल प्रमाणपत्र।
3. अनुभव संबंधी सभी मूल प्रमाणपत्र।
4. जाति प्रमाणपत्र/वर्ग से संबंधित प्रमाणपत्र/नन् क्रिमी लेयर से संबंधित प्रमाणपत्र।
5. आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर आई डी कार्ड।
6. पुलिस वेरीफिकेशन/आचरण प्रमाण पत्र
7. आवासीय प्रमाणपत्र।
8. दो पासपोर्ट साइज फोटो (जो आवेदन में लगा है)।
9. सभी मूल प्रमाणपत्रों की एक सेट अभिप्रमाणित छायाप्रति।
10. दहेज नहीं लेने-देने का शपथ पत्र।
11. शारीरिक स्वस्थता प्रमाणपत्र (Medical Fitness Certificate)
12. किसी भी बाल अपराध/आपराधिक कृत में संलिप्त नहीं होने का शपथपत्र।

दिनांक 01.04.2026 तक योगदान नहीं देने वाले अभ्यर्थियों के विषय में यह मान लिया जाएगा कि वह संबंधित पद पर योगदान देने हेतु इच्छुक नहीं है। तदालोक में उनकी अभ्यर्थिता को रद्द करते हुए उस पद को रिक्त मानकर अन्य अभ्यर्थियों को योगदान हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

25.03.26
रंजिता
निदेशक, समाज कल्याण-सह-
उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति,
बिहार पटना।

राज्य बाल संरक्षण समिति अंतर्गत संविदा आधारित पदों प्रतीक्षा सूची से नियोजन हेतु औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची-:

| क्र० | आवेदन संख्या | नाम | पिता का नाम | कोटिवार रिक्ति | कोटि जिसके अंतर्गत चयन हुआ है | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| **प्रोवेशन पदाधिकारी/केस वर्कर/बाल कल्याण पदाधिकारी(सी०सी०आई०)** | | | | | | |
| 1 | 2025020645 | मिल्टन कुमार नंदी | योगेन्द्र प्रसाद नंदी | UR | UR | |
| 2 | 2025024960 | चाँदनी कुमारी | मनोज कुमार सिंह | UR | UR | |
| 3 | 2025015008 | संदीप कुमार | स्व० नरेश ठाकुर | UR | UR | |
| **काउंसलर (सी०सी०आई०)** | | | | | | |
| 4 | 2025023364 | ब्यूटी कुमारी | कमलेश तिवारी | UR (F) | UR (F) | |
| 5 | 2025024130 | सुगंधा शर्मा | मोहन राय शर्मा | EWS | EWS | |